हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 8 अक्टूबर 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 फरार तस्कर को गिरफ्तार कर 10.80 ग्राम ब्राउन शुगर की जब्त



07 मेले में व्यंजनों के साथ लोगों ने गेम्स व मनोरंजन गतिविधियों...



खबर संक्षेप

हॉलमार्किंग जागरूकता कार्यक्रम आज 12 बजे

विदिशा। भारतीय मानक ब्यूरो भोपाल शाखा कार्यालय द्वारा आज दोपहर 12 बजे होटल प्राइड में हॉलमार्किंग जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें अनिवार्य हॉलमार्किंग, चांदी की हॉलमार्किंग, प्रमाण-पत्र जारी करने, संचालन एवं निरस्तीकरण से जुड़े नियमों की जानकारी दी जाएगी। हॉलमार्क पहचान संख्या के स्थानांतरण, आभूषण एवं हॉलमार्क के छायाचित्र लेने, स्वचालित वजन दर्ज करने तथा आभूषण विक्रेताओं के लिए अनुपालन संबंधी निर्देशों पर चर्चा होगी।

वृत्तिकर समाप्त करे मप्र सरकार: भूपेंद्र जैन

विदिशा। कैट के नर्मदापुरम एवं भोपाल संभागीय सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र जैन ने मप्र में वृत्तिकर समाप्त करने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि जीएसटी लागू होने के बाद एक देश-एक कर की बात कही गई थी, लेकिन प्रदेश में व्यापारियों को अब भी हर साल 2500 रुपए वृत्तिकर देना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार से इस संबंध में मांग रखी गई है और व्यापारियों के साथ मुख्यमंत्री से फिर मुलाकात की जाएगी। सम्मेलन में वरिष्ठ व्यापारियों और टीआई आनंद राज का सम्मान किया गया। टैली सॉफ्टवेयर कंपनी के अधिकारियों ने जीएसटी अकाउंटिंग संबंधी समस्याओं पर प्रशिक्षण दिया।

जागरूकता एवं लर्निंग लाइसेंस शिविर आयोजित

विदिशा। जिला परिवहन कार्यालय द्वारा प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय महाविद्यालय परिसर में सड़क सुरक्षा जागरूकता एवं लर्निंग लाइसेंस शिविर आयोजित किया गया। शिविर में छात्र-छात्राओं और अन्य लाभार्थियों को यातायात नियमों, सुरक्षित वाहन संचालन और दुर्घटनाओं से बचाव की जानकारी दी गई। लर्निंग लाइसेंस की ऑनलाइन प्रक्रिया और आवश्यक दस्तावेजों के बारे में भी बताया गया। शिविर में 80 लाभार्थियों ने प्रशिक्षण प्राप्त कर लर्निंग लाइसेंस सुविधा का लाभ लिया।

नाम जोड़ने 9 तक शिविर लगाए जाएंगे

विदिशा। जिले में मतदाता सूची में नाम जोड़ने के उद्देश्य से 7, 8 एवं 9 अक्टूबर को विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। ये विशेष शिविर जिले के प्रत्येक मतदान केन्द्र पर आयोजित होंगे। जिन नागरिकों का नाम अभी तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, वे अपने मतदान केन्द्र पर पहुंचकर आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। पात्र नागरिक मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के साथ आवश्यक संशोधन एवं अन्य संबंधित कार्य भी करा सकते हैं।

आयुक्त ने किया अपना घर आश्रम का निरीक्षण

विदिशा। मप्र दिव्यांगजन आयुक्त डॉ. अजय खेमरिया ने बुधवार को विट्ठल नगर स्थित अपना घर आश्रम का निरीक्षण किया। आश्रम के संस्थापक विट्ठल दास डांगरा, अध्यक्ष डॉ. जीके माहेश्वरी, मार्गदर्शक घनश्याम डागा ने उनका स्वागत किया। आयुक्त ने निवास, कार्यालय, चिकित्सा कक्ष, भोजनशाला और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डॉ. माहेश्वरी ने उपचार संबंधी समस्याएं बताईं, जिस पर मेडिकल कॉलेज में जांच व उपचार की सुविधा दिलाने का आश्वासन मिला।

नई कार्यकारिणी ने पदभार ग्रहण किया

विदिशा। लायंस क्लब विदिशा सम्राट का 17वां इंस्टॉलेशन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में वर्ष 2026-27 की नई कार्यकारिणी ने पदभार ग्रहण किया। मुख्य अतिथि महेश मालवीय, प्रवीण वशिष्ठ, अतुल शाह, डॉ. आरती शर्मा और डॉ. भरत वाधवानी उपस्थित रहे। डॉ. आशीष मनोरिया ने अध्यक्ष, विवेक पलोड ने सचिव और मनीष मंगल ने कोषाध्यक्ष का दायित्व संभाला।

वॉलीबॉल के मैदान पर रोमांच, मलखंब में उज्जैन का दबदबा

बालिका वर्ग में उज्जैन, ग्वालियर, रीवा और इंदौर की जीत, मलखंब के बालक-बालिका दोनों वर्गों में उज्जैन प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

स्टेडियम में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 70वीं राज्य स्तरीय शालेय वॉलीबॉल एवं मलखंब प्रतियोगिता के दूसरे दिन बुधवार को खिलाड़ियों ने शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन किया। प्रदेश के विभिन्न संभागों से पहुंचे खिलाड़ियों के बीच वॉलीबॉल में रोमांचक मुकाबले हुए, वहीं मलखंब में खिलाड़ियों ने संतुलन, लचीलापन और शारीरिक दक्षता का प्रदर्शन कर दर्शकों की तालियां बटोरीं। वॉलीबॉल के बालिका वर्ग में उज्जैन की टीम ने शहडोल को सीधे सेटों में 2-0 से हराया। ग्वालियर ने सागर को 2-0 से शिकस्त दी। रीवा ने रणनीतिक खेल का प्रदर्शन करते हुए जबलपुर को 2-0 से हराया। वहीं इंदौर की बालिका टीम ने भोपाल को 2-0 से पराजित कर अगले दौर में अपनी स्थिति मजबूत की।

बालक वर्ग में जबलपुर ने शहडोल को 2-0 से हराया। दिन का सबसे रोमांचक मुकाबला सागर और रीवा के बीच हुआ। इसमें सागर ने शानदार वापसी करते हुए रीवा को 2-1 से शिकस्त दी। उज्जैन की बालक टीम ने भी अपना विजयी अभियान जारी रखते हुए नर्मदापुरम को 2-0 से हराया।



अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए खिलाड़ी।

उज्जैन दोनों वर्गों में अव्वल

मलखंब के अंडर-14 बालक वर्ग में उज्जैन संभाग ने 23.70 अंक हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया। सागर संभाग 18.80 अंक के साथ दूसरे और भोपाल संभाग 18.25 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहा। बालिका वर्ग में भी उज्जैन का दबदबा रहा। उज्जैन ने 25 अंक के साथ पहला स्थान हासिल किया। इंदौर 20.40 अंक के साथ दूसरे और सागर 18.25 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहा। प्रतियोगिता के फील्ड ऑफिसर अरुण तिवारी, स्टेट रेफरी बख्तावर खान, खेल शिक्षक जेएस ठाकुर, स्वतंत्र जैन, रविकांत नामदेव सहित अन्य मौजूद रहे। मीडिया प्रभारी पंकज भार्गव ने बताया कि जारी परिणाम दिन की समाप्ति तक के हैं। प्रतियोगिता रात 10 बजे तक जारी रही।

कलेक्ट्रेट हेल्प डेस्क का कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने किया निरीक्षण

विदिशा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने बुधवार को हेल्प डेस्क का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने नागरिकों से प्राप्त किए जा रहे आवेदनों, उपलब्ध कराई जा रही जानकारी और व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



कलेक्टर ने हेल्प डेस्क पर मौजूद अमले से कार्यों की जानकारी लेते हुए नागरिकों को स्पष्ट और समय पर मार्गदर्शन देने के निर्देश दिए। उन्होंने सूचना पटल पर आवश्यक जानकारी प्रदर्शित कराने के साथ हेल्प डेस्क पर तैनात कर्मचारियों के नाम और संपर्क नंबर प्रमुखता से लगाने को कहा। उन्होंने आवेदनों को संबंधित शाखाओं तक पहुंचाने में तत्परता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

लंबित भुगतान और अस्पतालों की मान्यता की अनिवार्यता से संचालक नाराज

प्राइवेट अस्पतालों का आयुष्मान कार्ड से इलाज करने से इनकार, आज से बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

आयुष्मान भारत योजना के तहत निजी अस्पतालों के लंबित भुगतान और अस्पतालों के लिए राष्ट्रीय मान्यता प्रमाणन अनिवार्य किए जाने के विरोध में निजी अस्पताल संचालकों ने 8 अक्टूबर से प्रदेशव्यापी अनिश्चितकालीन बहिष्कार का निर्णय लिया। इसके बाद निजी अस्पतालों की मांगों पर सरकार ने तत्काल संज्ञान लिया और कोई बीच का रास्ता निकालने को लेकर देर शाम चर्चा का दौर शुरू हुआ। इस संबंध में यूनाइटेड प्राइवेट हॉस्पिटल्स डायरेक्टर्स एसोसिएशन ने बुधवार को कलेक्टर के नाम ज्ञापन अपर कलेक्टर को सौंपा। इसके बाद चिकित्सक दल ने विधायक मुकेश टंडन को भी ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत निजी अस्पताल लंबे समय से मरीजों का उपचार कर रहे हैं, लेकिन उपचार के बदले मिलने वाली राशि का भुगतान समय पर नहीं हो रहा है। अस्पताल संचालकों ने लंबित भुगतान का तत्काल निराकरण करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पुराने और वर्तमान पंजीयन पर लंबित प्रकरण, भुगतान से संबंधित आपत्तियों तथा तकनीकी कारणों से अटकी राशि का भी शीघ्र भुगतान किया जाए।



विदिशा। निजी अस्पताल संचालक विधायक मुकेश टंडन को ज्ञापन सौंपते हुए।

मान्यता की अनिवार्यता का किया जा रहा विरोध

अस्पताल संचालकों ने बताया कि आयुष्मान योजना के तहत अस्पतालों को लिस्टेड करने के पहले राज्य सरकार की विभिन्न जांच एजेंसियों से निजी अस्पतालों का निरीक्षण कराया जाता है, लेकिन अब एनएबीएच का निरीक्षण अनिवार्य कर दिया गया है। एनएबीएच के मापदंडों पर निजी अस्पताल खरे नहीं उतर पा रहे हैं। एनएबीएच के मापदंडों को यदि देखा गया तो बड़े शहरों के निजी अस्पताल मेडिकल कॉलेज और शासकीय जिला अस्पताल ही बमुश्किल खरे उतर पाएंगे।

निजी अस्पतालों पर अचानक यह व्यवस्था लागू होने से अस्पतालों के सामने आर्थिक और व्यावहारिक कठिनाइयां खड़ी हो रही हैं। एसोसिएशन ने स्पष्ट किया है कि यदि मांगों का शीघ्र निराकरण नहीं किया गया तो निजी अस्पताल आयुष्मान भारत योजना के तहत नए मरीजों को उपचार के लिए स्वीकार नहीं करेंगे, लेकिन देर शाम जानकारी मिली है कि निजी अस्पतालों सहित आईएमए की मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव से अहम चर्चा शुरू हुई है। जिसमें आज से आयुष्मान के तहत मरीजों के उपचार जारी रखते हुए हड़ताल को वापस लेने पर चर्चा चल रही है। लेकिन खबर लिखे जाने तक कोई ठोस जानकारी सामने नहीं आ सकी।

एनएबीएच करेगा निरीक्षण, कड़े नियम

निजी अस्पतालों द्वारा विरोध इसलिए किया जा रहा है कि सरकार ने आयुष्मा योजना के तहत इलाज करने वाले निजी अस्पतालों के निरीक्षण का जिम्मा एनएबीएच को दिया है। जिसके नियम कड़े हैं। ज्यादातर अस्पताल इन नियमों को फॉलों नहीं कर पाएंगे। ज्ञापन में बताया गया है कि आयुष्मान योजना के तहत पूरे प्रदेश में करीब 800 करोड़ रुपए की राशि बकाया है। वहीं विदिशा जिले में भी निजी अस्पतालों की 4 से 5 करोड़ रुपए की राशि बकाया है।

ब्राउन शुगर के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

विदिशा। कोतवाली पुलिस ने बेतवा नदी किनारे बंगला घाट पर कार्रवाई करते हुए 10 ग्राम ब्राउन शुगर और अर्टिगा कार जब्त की है। मामले में शैलेंद्र लोधी (35) निवासी गांधीनगर कॉलोनी और विकास रघुवंशी (31) निवासी साईं धाम कॉलोनी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार दोनों अर्टिगा कार से संदिग्ध अवस्था में घूम रहे थे और पुलिस वाहन देखकर भागने का प्रयास कर रहे थे। तलाशी में 1 लाख रुपए कीमत की ब्राउन शुगर मिली। कार की कीमत करीब 10 लाख रुपए बताई गई है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर आरोपियों को न्यायालय में पेश किया।

चरणतीर्थ की पवित्र मिट्टी का कलश एनसीसी कैडेट्स को सौंपा

विदिशा। सेवा संकल्प अभियान के तहत संकल्प वृक्ष अभियान के लिए चरणतीर्थ घाट की पवित्र मिट्टी का कलश भोपाल भेजा गया। संयुक्त कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी दीपाश्री काशवानी ने सेंट मेरी पीजी महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट अंडर ऑफिसर अदिति बड़ोदिया और सीनियर कैडेट ऋतिक दांगी को कलश सौंपा। दोनों कैडेट्स संकल्प वृक्ष समारोह में विदिशा का प्रतिनिधित्व करेंगे। 14 एमपी एनसीसी बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल अंशुभान सिंह और एडम ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल सनी वैद्य के निर्देश पर यह आयोजन हुआ। इस दौरान सूबेदार मेजर हृदय रंजन और कैप्टन डॉ. रामानंद मिश्रा उपस्थित रहे।

रात 10 बजे पुतला फूंकने पर अड़े कांग्रेसी, पुलिस ने छीना

राहुल गांधी को हिरासत में लेने के विरोध में कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन, झूमाझटकी के बाद वाटर कैनन चलाया



माधवगंज पर प्रदर्शन करते हुए कांग्रेसी।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

दिल्ली में राहुल गांधी समेत कांग्रेस और विपक्षी नेताओं को हिरासत में लिए जाने के विरोध में मंगलवार देर रात विदिशा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। नगर कांग्रेस अध्यक्ष रवि साहू के नेतृत्व में कार्यकर्ता माधवगंज चौराहे पर पहुंचे और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंकने की कोशिश की। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने पुतला छीन लिया। इसे लेकर पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच कुछ देर झूमाझटकी भी हुई। चौराहे पर भीड़ बढ़ने पर पुलिस ने कार्यकर्ताओं को हटाने के लिए वाटर कैनन का इस्तेमाल किया।

विरोध में प्रदर्शन

कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने कहा कि राहुल गांधी और अन्य विपक्षी नेताओं को दिल्ली में निर्वाचन आयोग की ओर मार्च के दौरान हिरासत में लिया गया। कांग्रेस नेताओं ने इसे लेकर केंद्र सरकार और निर्वाचन आयोग के खिलाफ विरोध जताया। रघुवंशी ने कहा कि राहुल गांधी के सम्मान के लिए कांग्रेस कार्यकर्ता अपना विरोध जारी रखेंगे। वहीं नगर कांग्रेस अध्यक्ष रवि साहू ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार शांतिपूर्ण आंदोलनों को दबाने की कोशिश कर रही है। विदिशा में प्रदर्शन के दौरान पुलिस की मौजूदगी में नारेबाजी और पुतला दहन की कोशिश हुई। स्थिति बिगड़ने पर पुलिस ने वाटर कैनन का इस्तेमाल कर प्रदर्शनकारियों को हटाया।

स्कूल पहुंचे डीईओ, शिक्षकों का कटेगा वेतन

बदहाल शिक्षा व्यवस्था: डीईओ अहिरवार को 36 में से सिर्फ तीन बच्चे मिले उपस्थित

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्यारसपुर

- ऑन ड्यूटी के नाम पर खंदा शाला से शिक्षक गायब।

शासकीय प्राथमिक शाला हिम्मतपुर में छात्रों की उपस्थिति और शिक्षा व्यवस्था को लेकर प्रकाशित खबर का असर देखने को मिला।

हरिभूमि ने प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी, जिसमें स्कूल में एक भी बच्चा उपस्थित नहीं मिलने का मामला सामने आया था। जिसके बाद कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने डीईओ एनके अहिरवार को जांच के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीईओ एनके अहिरवार को भी विद्यालय में दर्ज 36 विद्यार्थियों में से सिर्फ 3 विद्यार्थी उपस्थित मिले। मामले में विद्यालय में पदस्थ शिक्षक एवं अतिथि शिक्षक की एक-एक दिन की वेतन कटौती की कार्रवाई की गई है। साथ ही विद्यालय के निरीक्षण में लापरवाही बरतने पर सीएसी की भी एक दिन की वेतन कटौती की गई है।

इसके अलावा जिला शिक्षा अधिकारी एनके अहिरवार ने एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला खंदा का भी निरीक्षण किया। यहां पदस्थ प्रधानाध्यापक ऑन ड्यूटी के नाम पर हैदरगढ़ गई हुई थीं, लेकिन हैदरगढ़ में जांच करने पर वे वहां भी उपस्थित नहीं मिलीं। इस मामले में प्रधानाध्यापक के विरुद्ध भी एक दिन की वेतन कटौती की कार्रवाई की गई।



स्कूल पहुंचे डीईओ एनके अहिरवार

नवोदय के 3 खिलाड़ियों का चयन, खो-खो, बास्केटबॉल और ताइक्वांडो में बनाई जगह

शमशाबाद। पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय शमशाबाद के 3 छात्रों का चयन स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) के लिए हुआ है। विद्यालय के प्राचार्य जितेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि कक्षा 11वीं के छात्र कुशल शाक्य का चयन खो-खो, कक्षा 9वीं की छात्रा कामिनी अहिरवार का बास्केटबॉल और कक्षा 9वीं की छात्रा ओजस्विनी का ताइक्वांडो के लिए हुआ है। इन खिलाड़ियों ने शारीरिक शिक्षा शिक्षिका उर्वशी चौहान एवं शिक्षक राजेश यादव के मार्गदर्शन में प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। चयनित खिलाड़ियों का प्रशिक्षण शिविर 11 अक्टूबर से गांदरबल श्रीनगर में शुरू होगा। विद्यालय के उप प्राचार्य एमडी मिश्रा ने बताया कि एसजीएफआई प्रतियोगिता जम्मू-कश्मीर में 22 से 26 अक्टूबर तक आयोजित की जाएगी। तीन विद्यार्थियों के एसजीएफआई के लिए चयनित होने पर विद्यालय परिवार, पालकों और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। खिलाड़ियों का चयन विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी हैं।







दंडात्मक कार्रवाई के विरोध में पटवारियों का काम बंद

देवास में सेवा समाप्ति वापस लेने की मांग



विदिशा। ज्ञापन सौंपते हुए पटवारी संघ के पदाधिकारी।

विदिशा। मप्र पटवारी संघ ने पटवारियों के विरुद्ध की जा रही सेवा समाप्ति, निलंबन और अन्य दंडात्मक कार्रवाई के विरोध में बुधवार से ऑनलाइन राजस्व कार्य बंद करने का निर्णय लिया है। पटवारी संघ अध्यक्ष मनोज बघेल ने बताया कि देवास में स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन सहित अन्य कार्यों को आधार बनाकर पटवारियों पर कार्रवाई की गई है। संघ का कहना है कि योजना से जुड़ी व्यवहारिक और कानूनी समस्याओं की जानकारी शासन को पहले ही दी जा चुकी है। संघ ने कार्रवाई वापस लेने की मांग की है।

छोटा तालाब बना बीमारियों का अड्डा पंचायत की अनदेखी से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭बरखेड़ा जागीर

ग्राम पंचायत बरखेड़ा जागीर का ऐतिहासिक छोटा तालाब इन दिनों बदहाली का शिकार है।

सफाई और रखरखाव के अभाव में तालाब जलकुंभी और कचरे से पट गया है। जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने से गंदा पानी जमा है, जिससे मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। ग्रामीणों का कहना है कि शाम होते ही मच्छरों के झुंड घरों में पहुंच रहे हैं। इससे बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य को लेकर चिंता बनी हुई है। ग्रामीणों के अनुसार, तालाब की सफाई और एंटी-लार्वा दवा के छिड़काव को लेकर कई बार पंचायत और संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने प्रशासन से तालाब की तत्काल सफाई कराने और दवा का छिड़काव कराने की मांग की है। उनका कहना है कि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो ब्लॉक या जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा।



पीएम मोदी के जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा का आयोजन

विदिशा में जुटे पांचों विस के नेता और कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भाजपा द्वारा बुधवार को जिला भाजपा कार्यालय में 'विकसित भारत संकल्प सभा' और 'सेवा ज्योति संकल्प यात्रा' का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में जिले की पांचों विधानसभा विदिशा, बासौदा, कुरवाई, सिरोंज और शमशाबाद से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, हितग्राही, आमजन और मातृशक्ति शामिल हुए। दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन सहित एलईडी स्क्रीन पर सीधा प्रसारण किया गया। प्रधानमंत्री ने वर्ष 2047 तक विकसित और आत्मनिर्भर भारत बनाने के संकल्प को दोहराया। उन्होंने राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। इसके बाद केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान वर्चुअल माध्यम से जुड़े। राज्यसभा सांसद रजनीश अग्रवाल ने उपस्थित लोगों को विकसित भारत का संकल्प दिलाया। राष्ट्रगीत के बाद सेवा संकल्प ज्योति प्रज्वलित की गई। इसके साथ ही सेवा ज्योति रथ के साथ संकल्प यात्रा निकाली गई। यात्रा के बाद पांचों विधानसभाओं के प्रभारी और कार्यकर्ता सेवा संकल्प ज्योति लेकर अपने-अपने क्षेत्रों के लिए रवाना हुए। शमशाबाद विधायक सूर्यप्रकाश मीणा, सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा, हरिसिंह रघुवंशी, विधायक मुकेश टंडन, कुरवाई विधायक हरिसिंह सप्रे भाजपा जिला अध्यक्ष महाराज सिंह दांगी, पूर्व जिलाध्यक्ष तोरण सिंह दांगी, जिला सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमेन श्यामसुंदर शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ राकेश सिंह जादौन आदि मौजूद रहे। वरिष्ठ नेताओं के साथ पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा पदाधिकारी सहित हजारों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



विदिशा। कार्यक्रम में पांचों विस के विधायक सहित पदाधिकारी मौजद रहे।

बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2010
उच्चतम भाव-6505
सरसों
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-8000
चना
न्यूनतम भाव-3500
उच्चतम भाव-7590
मसूर
न्यूनतम भाव-5200
उच्चतम भाव-8400
शरबती
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-4000
गेंहू
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-3140
मालवा शक्ति
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-2600
बटरी
न्यूनतम भाव-3400
उच्चतम भाव-3600
मूंग
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-7390
उड़द
न्यूनतम भाव-1400
उच्चतम भाव-8200
मक्का
न्यूनतम भाव-1525
उच्चतम भाव-1630
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3270
उच्चतम भाव-3600
मटर
न्यूनतम भाव-3210
उच्चतम भाव-3210

कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में बुधवार को अनेक किसान अपनी उपज नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 10924 बोरे उपज की आवक दर्ज की गई।

खबर संक्षेप

देर तक बिजली रही गुल



गंजबासौदा। गुरुवार को बिजली कंपनी द्वारा जरूरी मेंटेनेंस के चलते सुबह 10 बजे से 12 बजे तक बिजली प्रदाय बंद रखा गया। यह कटौती बासौदा उपकेंद्र से चलने वाले 11 केवी त्योंदा रोड (सिटी) फीडर पर कंडक्टर बदलने के काम के लिए की गई। इससे गीता टॉकीज, नई बस्ती, रविदास कॉलोनी, नानाजी वाली गली, मछली मार्केट, पोस्ट ऑफिस, ओल्ड बस स्टैंड, हॉस्पिटल, न्यू नगरपालिका, बूड़ापुरा, सदर बाजार, हनुमान चौक, सावरकर चौक, नवांकुर स्कूल वाली गली और चांदसी हॉस्पिटल समेत करीब 15 इलाके प्रभावित हुए। बिजली कटौती के चलते विद्युत उपभोक्ताओं को गर्मी के अभाव में बगैर पंखा, कूलर के समय गुजारना पड़ा।

पुलिस ने एक पल्सर बाइक सहित 2 लाख रुपए का मशरूका जब्त किया

फरार तस्कर को गिरफ्तार कर 10.80 ग्राम ब्राउन शुगर की जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



गंजबासौदा। पुलिस गिरफ्त में आरोपी

शहर थाना पुलिस ने ब्राउन शुगर तस्करी के अपराध में फरार मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर 10.80 ग्राम ब्राउन शुगर, एक बजाज पल्सर मोटर साईकिल सहित कुल 2 लाख रूपये का मशरूका जब्त किया है। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा जिले में नारकोटिक्स एवं अन्य अवांछनीय गतिविधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में शहर थाना पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग प्रकरणों में पूर्व से 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से कुल 38 ग्राम अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर, जिसकी कीमत लगभग 3,80,000 रुपए, एक ईकोस्पोर्ट कार, एक मोटरसाइकिल, 5 मोबाइल फोन एवं 2 इलेक्ट्रॉनिक कांटे सहित कुल लगभग 15,00,000 रुपए का मशरूका जब्त किया गया था। प्रकरण में धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट एवं इजाफा धारा 29 एनडीपीएस एक्ट तथा धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। पूर्व से गिरफ्तार सुदा आरोपियों से पूछताछ करने पर ब्राउन शुगर कारोबार में लिप्त मुख्य आरोपी ललित मीना निवासी कुम्भराज जिला गुना से माल खरीदना एवं शहर मे बेचना बताया गया। शहर थाना पुलिस ने धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट इजाफा धारा 29 एनडीपीएस में आरोपी को फरार घोषित कर रखा था। गत दिवस मुखबिर ने बताया कि ललित मीना बजाज पल्सर मोटर साईकिल से ग्रीन पार्क कालोनी फेस-3 त्योंदा रोड़ बायपास पर किसी का इंतजार कर रहा है। जिसे घेरा बंदी कर स्टाफ की मदद से पकड कर नाम पता पूछा तो अपना नाम ललित मीना उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम कुंजाखेड़ी थाना कुम्भराज जिला गुना का होना बताया। जिसकी तलाशी लेने पर उसके पास से 10.80 ग्राम ब्राउन शुगर पाउडर रखा मिला। यहां उल्लेखनीय है कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एसडीओपी शिखा भलावी के मार्गदर्शन तथा शहर थाना प्रभारी संजय वेदिया के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर कार्रवाई की गई। उक्त कार्रवाई में मोहरसिंह मंडेलिया, कमलेश सोनकर, सिद्धांत भदौरिया, सुरेश रघुवंशी, हरिओम बाथम, सरमन साहू, सतेन्द्र सिंह तोमर, उत्तम वर्मा, राहुल शर्मा, धर्मेन्द्र, मनोज यादव, सुमित, अजय यादव की भी विशेष भूमिका रही।

वयोश्री योजना के तहत सहायक उपकरण वितरण शिविर आज



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

भारत सरकार की एडिप योजना एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत बासौदा क्षेत्र में पूर्व में आयोजित चिन्हांकन शिविरों में पात्र पाए गए दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठजनों को जीवन सहायक उपकरण, कृत्रिम अंग एवं अन्य सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के लिए गुरुवार को नगरपालिका परिसर में वितरण शिविर आयोजित किया जाएगा। भारत सरकार की इन जनकल्याणकारी योजनाओं का उद्देश्य दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठजनों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप सहायक उपकरण उपलब्ध कराकर उनके दैनिक जीवन को अधिक सुगम बनाना तथा उन्हें आत्मनिर्भरता की दिशा में सहयोग प्रदान करना है।
इसी क्रम में नगरपालिका में 22 जून तथा जनपद पंचायत में 1 जुलाई को चिन्हांकन शिविर आयोजित किए गए थे। इन शिविरों में पात्र हितग्राहियों का परीक्षण एवं चिन्हांकन कर उन्हें आवश्यकतानुसार विभिन्न सहायक उपकरणों के लिए चयनित किया गया था। चिन्हांकित हितग्राहियों को 8 अक्टूबर को नगरपालिका परिसर में आयोजित वितरण शिविर में उपकरण प्रदान किए जाएंगे। शिविर में दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण तथा राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत पात्र वरिष्ठजनों को जीवन सहायक उपकरण वितरित किए जाएंगे। वितरण कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में पात्र हितग्राहियों को उपकरण प्रदान किए जाने की व्यवस्था की गई है। प्रशासन द्वारा संबंधित अधिकारियों एवं आयोजन से जुड़े विभागों को शिविर की आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि चिन्हांकित हितग्राहियों को निर्धारित तिथि पर सुगमता से सहायक उपकरण प्राप्त हो सकें। साथ ही उपकरण वितरण के उपरांत हितग्राहियों एवं वितरित किए गए सहायक उपकरणों की जानकारी स्पर्श पोर्टल पर दर्ज किए जाने की कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी। इस पहल से चिन्हांकित दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठजनों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप उपयोगी उपकरण प्राप्त होंगे, जिससे उन्हें आवागमन, दैनिक गतिविधियों एवं अन्य आवश्यक कार्यों में सुविधा मिल सकेगी। प्रशासन ने संबंधित पात्र हितग्राहियों से निर्धारित तिथि पर शिविर में उपस्थित होकर योजना का लाभ लेने की अपील की गई है।

स्वास्थ्य परीक्षण व जागरुकता शिविर संपन्न



गंजबासौदा। स्वास्थ्य शिविर में उपस्थित चिकित्सक

गंजबासौदा। विकासखंड के शासकीय माध्यमिक विद्यालय अरनौट में एक दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मसूदपुर की आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. दर्शना रघुवंशी ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा उन्हें स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श दिया। इस दौरान डॉ. रघुवंशी ने मौसम में बदलाव के कारण होने वाली विभिन्न बीमारियों के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक किया। उन्होंने वायरल बुखार, सर्दी-जुकाम, डेंगू, मलेरिया तथा पाचन संबंधी समस्याओं से बचाव के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों से व्यक्तिगत स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने, स्वच्छ एवं उबला हुआ पानी पीने, पौष्टिक एवं संतुलित आहार लेने तथा घर और विद्यालय के आसपास साफ-सफाई बनाए रखने की अपील की। साथ ही बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर समय पर चिकित्सकीय परामर्श लेने की सलाह दी। शिविर के आयोजन में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रक्षा निगम एवं प्रियंका निगम तथा आशा कार्यकर्ता आरती वंशकार का सराहनीय सहयोग रहा। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। शिविर के माध्यम से विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और मौसमी बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक किया गया।

आल्टो कार से आए युवक, स्कॉर्पियो में की तोड़फोड़



गंजबासौदा। नौलखी मंदिर के पास स्कॉर्पियो की गई तोड़फोड़

गंजबासौदा। नौलखी मंदिर के पास एक युवक ने स्कॉर्पियो में तोड़फोड़ करते हुए मोहल्ले में दहशत फैला दी। बताया जाता है कि युवक एक अल्टो कार से आया था और बाइक सवार मोंटू कटारे और यश मीना को टक्कर मारते हुए घायल कर दिया था। इसी बात को लेकर कार से उतरे युवक ने मोंटू के घर के सामने खडी स्कॉर्पियो में तोडफोड कर दी और अल्टो कार में बैठकर वहां से भाग निकला। बाद में वाहन मालिक मोंटू ने इस घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है।

केशव वाटिका गली में बढे अपराध

गंजबासौदा। नगर के बरेठ रोड पर केशव वाटिका गली में कुछ दिनों से असामाजिक तत्वों की गतिविधियां बढ गई हैं। बीती रात इसी गली में एक घर में अज्ञात चोरों ने वारदात की थी। वहीं इसी क्षेत्र में रहने वाले सतेन्द्र कुमार शर्मा की बाइक भी दिन दहाडे उनके घर के सामने से चोरी हो गई। इसके अलावा इसी क्षेत्र में एक राहगीर के साथ भी लूटपाट की घटना हुई है। हांलाकि राहगीर ने पुलिस को शिकायत की है या नहीं इसकी जानकारी अप्राप्त है।

स्कूटी हुई चोरी, पीडित ने खुद तलाशे संदिग्ध

उधर पिछले दिनों मिर्जापुर निवासी केशव भावसार की स्कूटी को रात मे अज्ञात चोर उनके घर के सामने से चुराकर ले गए थे। बाद में सीसी टीवी कैमरों की जांच करने पर दो चोर स्कूटी को धकाकर ले जाते नजर आए थे। जिसके बाद केशव ने उक्त घटना की शिकायत सीसी टीवी फुटेज के साथ पुलिस में दर्ज कराई थी, लेकिन पुलिस ने इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की। जिसके बाद केशव ने स्वयं ही अपने सूत्रों से सीसी टीवी फुटेज के आधार पर संदिग्धों की जानकारी जुटाई और उनके बारे में पुलिस को जानकारी दी। जिसके बाद पुलिस ने संदिग्धों से पूछताछ कर स्कूटी चुराने वालों की पहचान की और उन्हें गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज कर लिया है।

ग्रामीणों ने बेदखली रोकने एसडीएम को दिया ज्ञापन


गंजबासौदा। एसडीएम को ज्ञापन देते ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

मंगलवार को उदयपुर के ग्रामीण एसडीएम कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने एसडीएम अनुभा जैन को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि उन्हें तहसील से अपने घर खाली करने के नोटिस मिले हैं। ग्रामीणों ने बताया कि वे पिछले 28-29 सालों से इन घरों में रह रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वे भूमिहीन मजदूर हैं और उनके पास आय का कोई और साधन नहीं है। कई लोगों को पंचायत ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर बनाए हैं। उनके पास इन घरों के अलावा रहने के लिए कोई और जगह नहीं है। बासौदा तहसीलदार ने उन्हें अतिक्रमण बताकर घर खाली करने के नोटिस दिए हैं, जिसका जवाब ग्रामीणों ने कोर्ट में दिया है। ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर बेदखली की कार्रवाई रोकने की मांग की है। इस दौरान रघुवीर रैकवार, भूरा, खिलान सिंह सोलंकी, रंजीत दांगी, मोहन, धन्नालाल रैकवार, जानकीबाई और अजयसिंह कुशवाह सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

बरेठ रेल्वे स्टेशन पर कामायनी एक्सप्रेस का इंजन फेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा


गंजबासौदा। बगैर स्टॉप के दर तक [illegible] कामायनी एक्सप्रेस

बुधवार सुबह बीना से भोपाल जा रही 11072 कामायनी एक्सप्रेस का बरेठ रेलवे स्टेशन के पास इंजन फेल हो गया। ट्रेन का बरेठ स्टेशन पर स्टॉपेज नहीं होने के बावजूद इसे यहां रोकना पड़ा। लगभग डेढ़ घंटे तक ट्रेन खड़ी रहने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह लगभग 7:30 बजे कामायनी एक्सप्रेस का इंजन फेल हो गया। ट्रेन के रुकने के बाद यात्री नीचे उतरकर जानकारी लेने लगे।
पूछताछ में उन्हें इंजन खराब होने की जानकारी मिली। रेलवे अधिकारियों को सूचना देने के बाद बीना से दूसरा इंजन बुलाया गया। दूसरा इंजन मंगाने और ट्रेन को रवाना करने की प्रक्रिया में करीब एक से डेढ़ घंटे का समय लगा। इस दौरान यात्री बरेठ स्टेशन पर ही ट्रेन के रवाना होने का इंतजार करते रहे। रेल यात्रियों ने बताया कि कामायनी एक्सप्रेस सामान्य तौर पर सुबह करीब 7:30 बजे भोपाल पहुंच जाती है, लेकिन ट्रेन में खराबी के कारण सुबह 9 बजे तक गंजबासौदा भी नहीं पहुंच सकी। बरेठ स्टेशन मास्टर संजय कुमार ने बताया कि सुबह 7:30 बजे इंजन फेल होने के कारण कामायनी एक्सप्रेस को स्टेशन पर रोका गया था। बीना से दूसरा इंजन मंगाया गया। इसके बाद ट्रेन को सुबह 8:59 बजे स्टेशन से रवाना किया गया।

कथा में पितृ तर्पण व गौसेवा पर विस्तार से की चर्चा

पितृपक्ष में पितृ तर्पण से संपूर्ण जीव तृप्त होते हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



गंजबासौदा। कथा के दौरान सजाई गई सजीव झांकी

छैल बिहारी मंदिर में पितृ कथा के बारे में 12 वें दिन पंडित केशव शास्त्री ने कहा कि पितृ पक्ष में पितृ तर्पण से संपूर्ण विश्व के जीव तृप्त होते हैं। पितृ ऋण से भगवान भी मुक्त नहीं होते। भगवान राम कृष्ण एवं बारह भगवान का उदाहरण देते हुए आपने कहा कृष्ण ने जब माता-पिता को कंस के कारागार से मुक्त किया। वसुदेव देवकी ने भगवान के जन्म के समय चतुर्भुज स्वरूप पर दर्शन किया था। अतः स्पर्श करने से मना किया, लेकिन भगवान ने कहा हम परमात्मा होकर भी यदि पितृ कर्म का निर्वाहन नहीं करेंगे तो हमें भी पितृ दोष का सामना करना पड़ेगा। राम ने भी अपने पिता दशरथ के पिंडदान तर्पण प्रत्येक तीर्थ में एवं अयोध्या में भाव के साथ में किया। बारह भगवान ने तो पृथ्वी को ऊपर लाते ही सबसे पहले मिट्टी के पिंड बनाकर पितरों को पिंड दिए। पितृ तर्पण से संपूर्ण जीव तृप्त होते हैं। वर्तमान समय में तो विदेशी भी बड़ी संख्या में आकर भारत में तर्पण एवं पितृ पक्ष में पिंड दान कर के अपने पितरों को तृप्त कर रहे हैं। कथा में गाय की महिमा बताते हुए आपने कहा जो लोग अपनी गाय को दूध नहीं देने की अवस्था में सड़क पर छोड़ देते हैं गाय के घायल होने पर अथवा अमृत होने पर वाहन चालक को दोष होता ही है साथ ही जिसने गाय छोड़ी है उसको भी गौ हत्या का पाप लगता है। उदाहरण के तौर पर खेड़ापति हनुमान मंदिर एवं लालू महाराज की गौशाला का भी जिक्र किया। पितरों के प्रति श्रद्धालु भी बड़े भाव के साथ में बरेठ रोड स्टेशन, त्योंदा रोड से देर रात तक कथा में बैठकर पितरों की महत्व को बड़े ही चाव से सुनते हैं। राजस्थान के महंत महेश्वर दास कथा में पधारे। उद्बोधन में पितृ तर्पण की आवश्यकता एवं माता-पिता की सेवा के उदाहरण बताए।

भागवत कथा में रुकमणि विवाह उत्सव मनाया



गंजबासौदा। पंडित विकास आनंद ऐलिया ने भागवत कथा में द्वारिकाधीश रुकमणि के विवाह का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान के प्रति सच्ची भक्ति और अटूट विश्वास रखने वाले भक्त पर सदैव प्रभु की कृपा बनी रहती है। रुकमणी विवाह के दौरान मंदिर परिसर में विवाह जैसा माहौल रहा, श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर उत्सव मनाया। भजन-कीर्तन और श्रीकृष्ण के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा। उन्होंने कहा कि पहला सुख निरोगी काया, व्यक्ति को शरीर स्वस्थ रखना चाहिए जिससे वह दान, सेवा, धर्म की रक्षा, राष्ट्र की रक्षा, परिवार व पर्यावरण की रक्षा के साथ नेक कार्य कर सके। उन्होंने कहा कि पतिव्रता स्त्री कभी अपना धर्म नहीं छोड़ती है, उसके प्रभाव से घर में कभी भी अनिष्ट नहीं होता है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण को योगेश्वर कहा गया है हालांकि भगवान श्रीकृष्ण की 16 हजार रानियां थीं फिर भी वे योगेश्वर कहलाए थे। मुख्य यजमान विष्णु नारायण माथुर, सरोज, शशि, रिचा, श्रुति, विकास, सुबोध सहित समस्त भक्तों ने सम्मिलित होकर कथा का आनंद लिया।

रघुवंशी को मिला मानद डॉक्टरेट व म.प्र. रत्न


गंजबासौदा। सम्मानित हुए समाजसेवी

गंजबासौदा। सामाजिक सरोकार, जनकल्याण और वंचित वर्गों की सेवा के क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय वरिष्ठ समाजसेवी, पूर्व मंडी सचिव एवं मानव अधिकार सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संगठन के जिलाध्यक्ष गणेशराम रघुवंशी को दो प्रतिष्ठित सम्मानों से अलंकृत किया गया है। उन्हें प्रेस क्लब वेलफेयर वर्ल्ड वाइड फाउंडेशन द्वारा 'मानद डॉक्टरेट' की उपाधि तथा वर्ल्डवाइड फाउंडेशन द्वारा 'मध्यप्रदेश रत्न सम्मान' प्रदान किया गया है। रघुवंशी को यह सम्मान सामुदायिक विकास, जरूरतमंदों की सहायता, स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों तथा लंबे समय से जारी निस्वार्थ समाजसेवा के लिए दिया गया है। वर्तमान में भी वे विभिन्न सामाजिक संस्थाओं और ट्रस्टों में अध्यक्ष एवं संरक्षक के रूप में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाहन कर रहे हैं। सामाजिक क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान और जनसेवा के कार्यों को देखते हुए 'लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड' में भी उनका सम्मान दर्ज हुआ है। लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की ओर से मिले सम्मान में स्वास्थ्य शिविरों के संचालन, जरूरतमंदों को सहायता तथा शिक्षा के क्षेत्र में किए गए योगदान को वैश्विक स्तर पर सराहा गया था। इसके बाद अब मानद डॉक्टरेट और 'मध्यप्रदेश रत्न' जैसे दो नए सम्मान उनकी समाजसेवा की उपलब्धियों में जुड़ गए हैं। रघुवंशी लंबे समय से सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से जरूरतमंदों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों से जुड़े कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उनके सेवा कार्यों को देखते हुए विभिन्न सामाजिक संगठनों, प्रबुद्धजनों, मित्रों और शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

अपनी विभिन्न मांगों को लेकर अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा का अनिश्चित कालीन धरना जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



गंजबासौदा। मांगों को लेकर धरना देते शिक्षणगण

अध्यापक शिक्षक सयुक्त मोर्चा का अनिश्चत कालीन धरना संभागवार नीलम पार्क मे जारी है। बुधवार को भूख हडताल पर प्रथ्वी सिंह रघुवंशी, माधवी भाटिया, अनीता ठाकुर, कमल बैरागी आदि 7 अध्यापक बैठे। विगत कई दिनों से अपनी मांगो को लेकर जारी धरने को संबोधित करते हुए प्रांतीय संयोजक राकेश दुबे, जगदीश यादव ने कहा कि आज हमारी जो दशा है उसके जिम्मेदारऔर हमारी जायज मांगे पूरी करवाने में जो समस्याएं आ रहीं हैं। उसके कसूरवार ये मान्यता प्राप्त शिक्षक संघ हैं, उनके द्वारा 2018 में भी हमारा शिक्षा विभाग में संविलियन का विरोध किया था। तब पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने तो जस का तस शिक्षा विभाग देने की घोषणा कर दी थी लेकिन शासन के मान्यता प्राप्त और हम शिक्षकों के विरोधी इन संघों के विरोध और दबाब के कारण उन्हे फैसला बदलना पड़ा और हमारी 20 वर्ष की वरिष्ठता चली गई। आज वही संघ पुन सक्रिय है और हमारी परीक्षाएं करवा रहे हैं। शासकीय शिक्षक संगठन के प्रांतीय संयुक्त सचिव अमर सिंह तोमर, संभाग कार्यकारी अध्यक्ष संजीव रघुवंशी ने कहा कि सरकार के इशारे पर एक अध्यापक संघ द्वारा धरने को विफल करने के लिए पहले भूख हडताल अनशन और कई तरह की नौटंकी करने के प्रयास किए कि अध्यापक शिक्षक सयुक्त मोर्चा का अनिश्चित कालीन धरना विफल हो जाए, लेकिन अध्यापक सब समझता है जब शिक्षक उनके बहकाने में नहीं आए सो हार कर खुद की इज्जत बचाने उप मुख्यमंत्री के पास जाकर स्वयं जूस पीकर आश्वासन लेकर आ गये। वहीं केजी राय, चन्द्र भूषण किरार, केशव रघुवंशी ने कहा कि बातें कर अध्यापकों को भ्रमित करने वालों का जब मंसूबा पूरा नही हुआ तो स्वयं जाकर जूस पीकर समाप्त करवा लिया। ऐसे लोगो से सावधान रहने की आवश्यकता है। अध्यापकों से एक जुट रह कर संघर्ष में जी जान से साथ देने की मांग करते हुए ऋतु सिंह ने मोर्चा को मजबूत रखने की अपील की है।

श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव के तहत विविध कार्यक्रमों का किया आयोजन

मेले में व्यंजनों के साथ लोगों ने गेम्स व मनोरंजन गतिविधियों का उठाया आनंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में अग्रवाल महिला मंडल सिरोंज द्वारा विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। महोत्सव के तहत आयोजित मेले में समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और परिवार सहित मेले का आनंद लिया। वहीं अगले दिन सुंदरकांड के आयोजन में महिलाओं ने श्रद्धा और भक्ति के साथ सहभागिता करते हुए वातावरण को भक्तिमय बना दिया। अग्रवाल महिला मंडल द्वारा आयोजित मेले में विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट पकवानों के साथ मनोरंजन के लिए अनेक प्रकार के गेम्स एवं आकर्षक मनोरंजन आइटम लगाए गए। मेले में समाज के बच्चों, युवाओं, महिलाओं एवं पुरुषों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मेले में विभिन्न व्यंजनों का स्वाद लेने के साथ ही लोगों ने गेम्स और मनोरंजन गतिविधियों का आनंद उठाया। मेले में उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला।



श्री अग्रसेन महाराज के आदर्शों का किया स्मरण

इस अवसर पर मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं समाज के पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। दीप प्रज्वलन के साथ ही कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर उपस्थित समाजजनों ने श्री अग्रसेन महाराज के आदर्शों को स्मरण करते हुए महोत्सव को उत्साह एवं एकजुटता के साथ मनाने का संकल्प लिया। मेले में बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे और आयोजन की सराहना की। महोत्सव के अगले दिन अग्रवाल महिला मंडल द्वारा सुंदरकांड का भव्य धार्मिक आयोजन किया गया। इसमें समाज की महिलाओं ने पूरे श्रद्धा भाव और भक्ति के साथ सुंदरकांड का सामूहिक वाचन किया।

सामूहिक रूप से भक्ति गीत एवं भजन किए प्रस्तुत

वहीं सुंदरकांड के दौरान महिलाओं द्वारा प्रस्तुत किए गए भजनों से आयोजन स्थल भक्तिमय हो गया। महिलाओं ने सामूहिक रूप से भक्ति गीत एवं भजन प्रस्तुत किए, जिससे उपस्थित श्रद्धालु भी भाव-विभोर नजर आए। महिला मंडल की पदाधिकारियों ने बताया कि श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव केवल धार्मिक आयोजन ही नहीं, बल्कि समाज को एकजुट करने और आपसी भाईचारे को मजबूत करने का भी अवसर है। इसी उद्देश्य से मेले और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के सभी वर्गों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। आयोजन में महिला मंडल की माला सिंघल, अमिता मंगल, बिंदु गर्ग, ममता गर्ग, सोनिया मित्तल, शिल्पी गर्ग, रेखा बिंदल सहित महिला मंडल की समस्त कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में महिला मंडल की सभी सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव के तहत आयोजित इन कार्यक्रमों ने समाज में धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता और आपसी सौहार्द का संदेश दिया। मेले में जहां उत्सव और मनोरंजन का रंग देखने को मिला, वहीं सुंदरकांड के आयोजन ने वातावरण को श्रद्धा और भक्ति से सराबोर कर दिया।



स्वरोजगार योजनाओं की मिलेगी जानकारी

12 को सिरोंज में होगा युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के संयुक्त तत्वावधान में युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन सोमवार 12 अक्टूबर को शासकीय लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय सिरोंज में किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 11 बजे से होगा। युवा संगम कार्यक्रम के अंतर्गत रोजगार मेला एवं अप्रेन्टिसशिप मेला आयोजित किया जाएगा। मेले में निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियों एवं संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। उनके द्वारा विभिन्न पदों के लिए उपस्थित आवेदकों के साक्षात्कार लिए जाएंगे तथा पात्र एवं चयनित युवाओं को रोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। कार्यक्रम में युवाओं को रोजगार के साथ-साथ स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने के अवसरों की जानकारी भी दी जाएगी। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग तथा शासन के अन्य विभागों द्वारा संचालित विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं, ऋण सुविधा, पात्रता एवं आवेदन प्रक्रिया के संबंध में युवाओं को मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। इससे युवा अपनी रुचि एवं योग्यता के अनुरूप रोजगार अथवा स्वरोजगार का विकल्प चुन सकेंगे।

रोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेले में युवाओं को रोजगार के अवसर

10वीं उत्तीर्ण या उससे अधिक शैक्षणिक योग्यता वाले युवा ले सकेंगे भाग

युवा संगम कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आवेदक की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास या उससे अधिक तथा आयु सीमा 18 से 35 वर्ष निर्धारित की गई है। रोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप के इच्छुक आवेदकों को साक्षात्कार के समय अपनी शैक्षणिक योग्यता से संबंधित अंकसूची एवं आवश्यक प्रमाण-पत्र अनिवार्य रूप से साथ लाने होंगे। वही रोजगार मेले में पुखराज भोपाल, एक्सिस बैंक, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, एलआईसी विदिशा, एसबीआई ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान विदिशा, होम हेल्प सेंटर रायसेन, समर्थनम ट्रस्ट फॉर द डिसेबल्ड, जॉब हियर डॉट इन, पुष्कल, यशस्वी ग्रुप, वर्ल्ड क्लास, संजीरा भोपाल, सुपर मंडीदीप, ट्राइडेंट, मैग्नम ग्रुप भोपाल, 108 कॉल सेंटर भोपाल, वर्धमान फैब्रिक्स भोपाल, परी होम हेल्थ केयर भोपाल, गणेशा होम हेल्थ केयर इंदौर, स्टॉप सॉल्यूशन सहित विभिन्न कंपनियों एवं संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। युवा संगम कार्यक्रम युवाओं को एक ही मंच पर रोजगार, अप्रेन्टिसशिप तथा स्वरोजगार से जुड़ी विभिन्न संभावनाओं की जानकारी और अवसर उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण माध्यम होगा। इच्छुक पात्र युवा निर्धारित तिथि एवं समय पर कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित होकर रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों का लाभ उठा सकते हैं।

खबर संक्षेप

सहोदया सागर की बैठक 8 अक्टूबर को

सागर। सहोदया सागर की मासिक बैठक 8 अक्टूबर को दोपहर दो बजे से सिरोंजा स्थित बीटीआईआरटी परिसर मेa आयोजित की गई है। शैलेष मेमोरियल मकरोनिया के द्वारा आयोजित बैठक मे सहोदया सागर से जुडे समस्त सीबीएसई स्कूल प्राचार्य शामिल होगे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का मोहाली हेलीपेड आगमन, हुआ स्वागत

सागर। वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में चीता विमुक्त कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का बुधवार को विधानसभा रेहली के मोहाली हेलीपेड पर आगमन हुआ। हेलीपेड पर जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने पुष्प गुच्छ देकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इस अवसर पर खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, सांसद राहुल लोधी, रेहली विधायक गोपाल भार्गव, सागर विधायक शैलेंद्र जैन, बंडा विधायक वीरेंद्र सिंह, नरयावली विधायक प्रदीप लारिया, देवरी विधायक बृज बिहारी पटेरिया श्याम तिवारी, रानी कुशवाहा सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। अधिकारियों में आईजी इरशाद वली, डीआईजी एस.एस. चौहान, एसपी अनुराग सुजानिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

जिला शिक्षा अधिकारी ने विद्यालयों का किया निरीक्षण

सागर। कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा मालथोन के विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी ने मालथोन विकासखंड की पीएम श्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लोगर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रजवांस, शासकीय एकीकृत हाईस्कूल पाली, शासकीय प्राथमिक शाला पाली, शासकीय प्राथमिक माध्यमिक शाला परसोंन, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रोड़ा, शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला रोड़ा, शासकीय माध्यमिक विद्यालय पथरिया बामन का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रजवास की प्राथमिक शिक्षक मुकेश तिवारी एवं शासकीय माध्यमिक विद्यालय पथरिया बामन के अनिल जैन विद्यालय में उपस्थिति लगाने के उपरांत विद्यालय में अनुपस्थित पाए गए जिनको तत्काल कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

पौधरोपण व पर्यावरण जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

रहली। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 7 अक्टूबर को सांदीपनि विद्यालय, रहली में पौधरोपण एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर पर्यावरण जागरूकता रैली भी निकाली गई। रैली के माध्यम से विद्यार्थियों ने लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए "प्रकृति नहीं तो कुछ भी नहीं" का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने बताया कि पर्यावरण को हो रहे नुकसान के लिए हम सभी कहीं न कहीं जिम्मेदार हैं। इसलिए अपनी गलतियों में सुधार करते हुए पर्यावरण की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए संकल्प लेना आवश्यक है। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य दिलीप कुमार चौबे, नगरपालिका रहली से उमाशंकर नामदेव, सेवा संकल्प नोडल प्रभारी देवेंद्र कुमार कतरोलिया, वृक्षारोपण कार्यक्रम प्रभारी शैलेंद्र जैन, संजय खरे, नीरज नेमा, गोविंद सिंह ठाकुर, राकेश पटैल,रवि अहिरवार, रमाकांत पांडे, उमेश पाल, आराधना गौर, निशा पटैल, दीपक विश्वकर्मा सहित अन्य शिक्षक, विद्यालय स्टाफ के सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



छात्रवृत्ति योजना वर्ष 2025-26 के लिए आवेदन किए गए आमंत्रित

सागर। राज्य सैनिक बोर्ड द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 के अंतर्गत छात्रवृत्ति हेतु जिले में निवासरत पूर्व सैनिकों के आश्रित बच्चों एवं पूर्व सैनिक विधवाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक आवेदक कक्षा 1 से स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम तक के लिए अपना आवेदन दिनांक 23 नवम्बर 2026 तक जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, सागर में ऑनलाइन प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। अधिक जानकारी एवं आवेदन प्रक्रिया हेतु जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, सागर से संपर्क किया जा सकता है।

रायसेन से निकली सेवा ज्योति यात्रा बरेली पहुंची

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

2047 तक विकसित भारत का संकल्प घर-घर पहुंचाने का आह्वान

सेवा संकल्प अभियान के तहत रायसेन से प्रारंभ हुई सेवा ज्योति यात्रा बुधवार को बरेली तहसील मुख्यालय पहुंची। यात्रा का नगर में जगह जगह स्वागत किया गया और संकट मोचन हनुमान मंदिर में ज्योति प्रज्वलित की गई। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा के 25 वर्ष पूरे होने और 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को लेकर सेवा, समर्पण और राष्ट्रहित की भावना से कार्य करने का आह्वान किया गया।

कार्यक्रम में स्वास्थ्य राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास और जनकल्याण की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। गुजरात के मुख्यमंत्री से लेकर देश के प्रधानमंत्री तक मोदी ने 25 वर्षों की जनसेवा में सभी वर्गों के कल्याण और विकास को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित, आत्मनिर्भर और सशक्त राष्ट्र बनाने का संकल्प केवल सरकार का नहीं। बल्कि प्रत्येक नागरिक की सहभागिता से पूरा होगा। सेवा ज्योति यात्रा के माध्यम से इसी संकल्प और सेवा भावना को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं और आमजन से विकसित भारत के संकल्प को घर-घर तक पहुंचाने की अपील की।



सेवा संकल्प अभियान के तहत सिविल अस्पताल में लगा नेत्र शिविर

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत बरेली के सिविल अस्पताल में नेत्र जांच शिविर भी आयोजित किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में महिला और पुरुष पहुंचे। नेत्र रोग विशेषज्ञों ने मरीजों की आंखों की जांच कर उन्हें आवश्यक उपचार और सावधानियों के संबंध में परामर्श दिया। शिविर में करीब 146 मरीजों की आंखों की जांच की गई। जांच के दौरान 28 मरीजों में मोतियाबिंद पाया गया, जिन्हें ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया है। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. दीप्ति मजूमदार और डॉ. नेहा मिश्रा सहित अस्पताल के स्टाफ ने मरीजों की जांच और उपचार संबंधी प्रक्रिया में सहयोग किया। अभियान के आयोजकों ने बताया कि सेवा संकल्प के तहत स्वास्थ्य सेवाओं सहित विभिन्न जनकल्याणकारी गतिविधियों के माध्यम से लोगों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है।

पति ने पत्नी का फोटो सीने से लगाकर की आत्महत्या



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

नगर की कोरी मोहल्ला में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी के वापस न आने से निराश होकर घर में फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आत्महत्या करने वाले पिद्दी नामक व्यक्ति का पीएम करवा मार्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात में मृतक ने अपनी पत्नी से अन्य के मोबाइल से बात की और इंदौर से बरेली वापस आने का आग्रह किया। मृतक चाय बेचने के साथ शराब पीने का आदी था। लंबे समय से उसकी पत्नी और बच्चे नगर निवासी एक व्यक्ति के साथ इंदौर चले गए और वही मेहनत मजदूरी का कार्य पत्नी कर रही थी। सूचना मिलने पर पुलिस मृतक के घर पहुंची मृतक के सीने से पत्नी का फोटो लगा हुआ था। पुलिस द्वारा घटना पर मर्ग कायम कर पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

बारना बांध की नहरों से पानी छोड़ने की मांग, कमजोर बारिश से रबी फसल की बोवनी पर भी असर की आशंका

मानसूनी बारिश की विदाई, दिन में तेज धूप से बढ़ी गर्मी; धान में पानी की कमी से रोगों का प्रकोप, खेतों में तेजी से सूख रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

मानसून की विदाई के साथ मौसम का मिजाज अचानक बदल गया है। दिन में तेज धूप निकलने से गर्मी और उमस बढ़ गई है। इसका सबसे ज्यादा असर धान की फसलों पर दिखाई दे रहा है। खेतों में भरा पानी तेज धूप के कारण तेजी से सूख रहा है। पर्याप्त नमी नहीं मिलने से धान की फसल प्रभावित होने के साथ ही कई खेतों में रोगों का प्रकोप भी शुरू हो गया है। ऐसे में किसान फसल को बचाने के लिए बारना बांध की नहरों में पानी छोड़ने की मांग कर रहे हैं। इस बार जिले में मानसून की शुरुआत देरी से हुई और पूरे सीजन में बारिश भी अपेक्षाकृत कमजोर रही। किसानों के अनुसार सामान्य की तुलना में करीब 30 से 40 प्रतिशत कम बारिश होने का सबसे अधिक असर उन फसलों पर पड़ा है, जिन्हें अधिक पानी की जरूरत होती है। धान की फसल भी उन्हीं में शामिल है। बारिश कम होने के कारण नदी-नालों में भी अपेक्षित जलस्तर नहीं बन पाया है।

फसल को इस समय पर्याप्त नमी और पानी की जरूरत

मौसम साफ होने के बाद दिन में तेज धूप निकल रही है। इससे धान के खेतों में जमा पानी तेजी से सूख रहा है। किसानों का कहना है कि धान की फसल को इस समय पर्याप्त नमी और पानी की जरूरत है। अधिकांश खेतों में धान की बालियां निकल चुकी हैं। फसल को पकने में अभी करीब डेढ़ से दो महीने का समय लग सकता है। ऐसे में इस समय पानी की कमी होने से उत्पादन प्रभावित होने की आशंका बनी हुई है।



पानी की कमी के साथ रोगों ने बढ़ाई चिंता

एक तरफ खेतों में पानी की कमी है, वहीं दूसरी ओर मौसम में बदलाव के साथ धान की फसल में विभिन्न रोगों का प्रकोप भी दिखाई देने लगा है। किसानों का कहना है कि तेज धूप, गर्मी और खेतों में नमी के असंतुलन से फसल पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। बालियां निकलने के बाद फसल की इस अवस्था में किसान किसी भी तरह का जोखिम नहीं लेना चाहते। कम बारिश का असर केवल धान की फसल तक सीमित नहीं है। भूजल स्तर भी अपेक्षाकृत नीचे बना हुआ है। ऐसे में निजी साधनों से सिंचाई करने वाले किसानों के सामने भी परेशानी खड़ी हो रही है। पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं होने से किसान धान की फसल को लेकर चिंतित हैं।

रबी की बोवनी पर भी मंडरा रहा संकट

बारिश की कमी का असर आगामी रबी सीजन पर भी पड़ सकता है। जमीन में पर्याप्त नमी नहीं होने के कारण रबी फसलों की बोवनी प्रभावित होने की आशंका है। किसानों का कहना है कि यदि खेतों में नहर का पानी मिल जाए तो धान की फसल को राहत मिलने के साथ जमीन में भी नमी बनी रह सकती है, जिससे रबी सीजन की तैयारी में मदद मिलेगी।

किसानों की मांग - नहरों में छोड़ा जाए पानी

धान की फसल को बचाने के लिए किसानों ने बारना बांध से नहरों में पानी छोड़े जाने की मांग की है। किसानों का कहना है कि अभी धान की फसल महत्वपूर्ण अवस्था में है। यदि समय रहते सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध नहीं हुआ तो तेज धूप और नमी की कमी से उत्पादन पर सीधा असर पड़ सकता है।

रायसेन में डिप्टी कलेक्टर यशपाल स्वर्णकार को सौंपा ज्ञापन

पटवारियों ने किया काम बंद, ऑनलाइन कार्यों से विरत, सेवा समाप्ति-निलंबन का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

देवास जिले में स्वामित्व योजना के काम को लेकर पटवारियों की सेवा समाप्ति और प्रदेश के अन्य जिलों में निलंबन की कार्रवाई के विरोध में रायसेन जिले के पटवारियों ने भी आंदोलन के लिए मोर्चा खोल दिया है। मध्यप्रदेश पटवारी संघ की जिला इकाई ने बुधवार को दोपहर रॉयल मैरिज गार्डन में आमसभा के बाद कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा के माध्यम से राजस्व विभाग के प्रमुख सचिव के नाम डिप्टी कलेक्टर यशपाल स्वर्णकार को ज्ञापन सौंपा। पटवारियों ने कार्रवाई वापस नहीं होने तक आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी है। पटवारी संघ के जिलाध्यक्ष गोविंद सिंह चौधरी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पटवारी रॉयल मैरिज गार्डन में एकत्र हुए। यहां हुई आमसभा में प्रदेशभर में पटवारियों के खिलाफ की जा रही दंडात्मक कार्रवाई को लेकर नाराजगी जताई गई। पटवारी संघ का कहना है कि स्वामित्व योजना के क्रियान्वयन में कई विधिक और व्यावहारिक समस्याएं हैं।जिनकी जानकारी शासन-प्रशासन को पहले ही दी जा चुकी है। इसके बावजूद पटवारियों के खिलाफ सेवा समाप्ति और निलंबन जैसी कार्रवाई की जा रही है।



रायसेन-देवास की कार्रवाई के बाद बढ़ा आक्रोश

जिला पटवारी संघ अध्यक्ष गोविंद सिंह चौधरी ने बताया कि देवास रायसेन जिले में स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन 2026 सहित अन्य कार्यों को आधार बनाकर कुछ पटवारियों की सेवा समाप्त की गई है। इसी तरह प्रदेश के दूसरे जिलों में भी पटवारियों के खिलाफ निलंबन और अन्य दंडात्मक कार्रवाई की जा रही है। पटवारी संघ ने इन कार्रवाइयों को अनुचित बताते हुए तत्काल वापस लेने की मांग की है। चौधरी ने कहा कि पटवारी लगातार राजस्व विभाग के मैदानी काम कर रहे हैं। स्वामित्व योजना के काम में आ रही व्यवहारिक और कानूनी दिक्कतों को लेकर शासन प्रशासन को अवगत कराया गया था। समस्याओं का समाधान करने के बजाय कर्मचारियों पर कार्रवाई किए जाने से पटवारी संवर्ग में आक्रोश है।



ऑनलाइन राजस्व काम बंद

पटवारी संघ ने प्रदेश संगठन के निर्णय के अनुसार 7 अक्टूबर से रायसेन जिले में भी सभी ऑनलाइन राजस्व कार्यों से विरत रहने का ऐलान किया है। पटवारी शासकीय व्हाट्सएप समूहों से भी बाहर रहेंगे। जिला पटवारी संघ ने स्पष्ट किया है कि जब तक पटवारियों के खिलाफ की गई निलंबन और सेवा समाप्ति की कार्रवाई वापस नहीं ली जाती। ऐसे में तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा।

नामांतरण से लेकर पीएम किसान तक काम होंगे प्रभावित

पटवारियों के ऑनलाइन राजस्व कार्यों से विरत रहने का सीधा असर आम लोगों और किसानों पर पड़ सकता है। किसानों के नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, खसरा-नक्शा, भूमि संबंधी ऑनलाइन रिकॉर्ड अपडेट और पीएम किसान सम्मान निधि से जुड़े काम प्रभावित होने की संभावना है। रबी सीजन शुरू होने से पहले किसानों को राजस्व संबंधी कामों के लिए परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। जिला पटवारी संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि यह आंदोलन किसी व्यक्तिगत मांग को लेकर नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश में पटवारियों के खिलाफ की जा रही दंडात्मक कार्रवाई के विरोध में है। पटवारी संघ ने चेतावनी दी है कि यदि भविष्य में प्रदेश के किसी भी जिले में पटवारियों के खिलाफ इसी तरह की कार्रवाई की गई तो प्रदेश के सभी पटवारी बिना पूर्व सूचना के राजस्व कार्यों से विरत होने के लिए बाध्य होंगे।

प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

ज्ञापन के माध्यम से पटवारियों ने देवास सहित रायसेन जिले अन्य जिलों में की गई पटवारियों के विरूद्ध सेवा समाप्ति और निलंबन की कार्रवाई तत्काल वापस लेने, स्वामित्व योजना से जुड़ी व्यवहारिक समस्याओं का समाधान करने और पटवारियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई रोकने की मांग की है।इस दौरान जिला पटवारी संघ अध्यक्ष गोविंद सिंह चौधरी, कमलेश मालवीय, राकेश सक्सेना, अभिलाषा शर्मा, हेमलता साहू, मुरली छुगानी,आनंद सिंह गौतम, मीना राय, मिथलेश तंतवार, डॉली साहू, चंद्रेश राजौरिया, सचिन जैन, कविता सुगंधी सहित बड़ी संख्या में पटवारी मौजूद रहे।

चार विधानसभा के लिए रवाना हुए रथ, निकाली सेवा ज्योति कलश यात्रा

संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करने वालों को जनता देगी जवाबः पटेल



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

भारतीय जनता पार्टी की सेवा ज्योति कलश यात्रा का शुभारंभ बुधवार को दोपहर रायसेन में हुआ। पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देशवासियों को संबोधित किया और 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए संकल्प लेने का आह्वान किया। पीएम के संबोधन को जनप्रतिनिधियों,पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों ने सामूहिक रूप से सुना। शुभारंभ भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद सामूहिक वंदे मातरम गान किया गया। कार्यक्रम के दौरान आगे की पंक्ति में जनप्रतिनिधि खड़े हुए पीछे की पंक्ति में कुर्सियां खाली नजर आ रही थी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वास्थ्य राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने कांग्रेस पर पलटवार करते हुए तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जिस परिवार ने लंबे समय तक खुद को ही सब कुछ मान लिया था।उसे समझना चाहिए कि लोकतंत्र में जनता सबसे बड़ी शक्ति है। आज संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल खड़े कर उन्हें बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा है। कल दिल्ली में जो राजनीतिक घटनाक्रम हुआ, उसे पूरा देश देख रहा है। जब निर्णय अनुकूल नहीं होते तो जज से, रेफरी से और संवैधानिक संस्थाओं से लड़ने लगते हैं।

विकसित भारत बनाना है

पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं सेवा संकल्प अभियान के जिला प्रभारी रामपाल सिंह राजपूत ने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना सिर्फ सरकार का नहीं, हर नागरिक का संकल्प है। सेवा ज्योति कलश यात्रा इसी भावना को जन-जन तक पहुंचाएगी। रायसेन जिले की चारों विधानसभाओं के लिए यहां से रथ रवाना किए जा रहे हैं, जो सेवा, सुशासन और विकसित भारत का संदेश गांव-गांव तक पहुंचाएंगे।

2014 से विकास की नई दिशा

भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहा कि पीएम मोदी के 25 वर्षों के बेमिसाल सार्वजनिक जीवन में सेवा और राष्ट्र निर्माण को प्राथमिकता मिली है। उनके नेतृत्व में देश विकसित भारत-2047 की ओर बढ़ रहा। सांची विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी ने कहा कि पीएम के संबोधन ने नई ऊर्जा का संचार किया है। सेवा संकल्प कलश यात्रा नया संदेश उजागर कर रही है।भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा ने कहा कि पीएम ने जो विकसित भारत का संकल्प रखा है, वह हर नागरिक को प्रेरित करने वाला है।

बेगमगंज में 24 साल के युवक ने लगाई फांसी, नशे में घर लौटा था, पत्नी के मायके में रहने से था तनाव



हरिभूमि न्यूज ⏭ बेगमगंज/रायसेन

रायसेन जिले के बेगमगंज थाना क्षेत्र के कीरतपुर गांव में बीती रात एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। मृतक की पहचान 24 वर्षीय भागीरथ पंथी के रूप में हुई है। घटना रात करीब 8.30 बजे की बताई जा रही है। बेगमगंज थाने के टीआई राजीव उईके से मिली जानकारी के अनुसार भागीरथ अपने घर में ही था। परिजन दूसरे कमरे में थे।तभी उसने अंदर से दरवाजा बंद कर आत्महत्या कर ली। काफी देर तक बाहर नहीं आने पर परिजनों को शंका हुई। खिड़की से झांककर जब परिजनों ने देखा तो वह फंदे पर लटका मिला। शोर मचाने पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। घटना को देख परिजनों में कोहराम मच गया।

पुलिस ने किया मर्ग कायम

सूचना मिलते ही बेगमगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतरवाकर पंचनामा बनाया और पोस्टमॉर्टम के लिए सिविल अस्पताल भेजा। बुधवार सुबह शव के पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

परिवार बोला- नशे की हालत में था

परिजनों ने पुलिस को बताया कि भागीरथ पंथी मजदूरी करता था। मंगलवार शाम वह नशे की हालत में घर आया था। उसकी पत्नी लंबे समय से मायके में रह रही है। इसी नशे की बात को लेकर पति-पत्नी में अक्सर विवाद होता था। वह इसी वजह से काफी मानसिक तनाव में था। बेगमगंज थाना पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला पारिवारिक कलह का लग रहा है। हालांकि कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस परिजनों, पत्नी पक्ष और गांव वालों के बयान ले रही है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत की असली वजह स्पष्ट होगी।

कर्मचारियों के पहुंचने तक कई दस्तावेजों को नुकसान पहुंचाया

तहसील कार्यालय में घुसा आवारा सांड, दस्तावेज कर गया चट



हरिभूमि न्यूज ⏭ बेगमगंज

तहसील कार्यालय की सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर बुधवार को दोपहर बाद उस समय सवाल खड़े हो गए, जब एक आवारा सांड बेखौफ होकर तहसील कार्यालय के अंदर घुस गया। आवारा सांड ने कार्यालय में नीचे रखी फाइलों में से कागज निकालकर खाना शुरू कर दिया।

कुछ देर तक चले इस घटनाक्रम में कई महत्वपूर्ण दस्तावेजों के क्षतिग्रस्त होने की बात सामने आई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सांड अचानक तहसील कार्यालय परिसर में पहुंचा और घूमते-घूमते कार्यालय के अंदर जा घुसा। वहां नीचे रखी फाइलों को देखकर वह उनके पास पहुंच गया और फाइलों में लगे कागज खाने लगा। कर्मचारियों को जब इसकी जानकारी मिली तो भृत्य और बाबू दौड़कर मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद सांड को कार्यालय से बाहर खदेड़ा गया। हालांकि तब तक सांड कई महत्वपूर्ण फाइलों के कागजों को नुकसान पहुंचा चुका था। बताया जा रहा है कि इन फाइलों में विभिन्न पक्षकारों के प्रकरणों से संबंधित दस्तावेज भी शामिल थे। ऐसे में सवाल यह उठ रहा है कि किन-किन प्रकरणों के दस्तावेज नष्ट हुए हैं और यदि किसी पक्षकार के मामले से संबंधित महत्वपूर्ण कागज खराब हुए हैं तो इसकी भरपाई कैसे होगी।

फाइलों की सुरक्षा पर उठे सवाल

तहसील जैसे महत्वपूर्ण राजस्व कार्यालय में प्रकरणों से संबंधित दस्तावेजों का इस तरह खुले में या असुरक्षित स्थिति में रखा होना भी सवाल खड़े कर रहा है। घटना के बाद अब यह पता लगाया जाना जरूरी है कि सांड ने किन फाइलों और दस्तावेजों को नुकसान पहुंचाया है। साथ ही क्षतिग्रस्त दस्तावेजों की प्रतियां उपलब्ध हैं या नहीं, इसकी भी जांच की आवश्यकता है।

तहसीलदार ने बयान देने से किया इनकार

मामले को लेकर जब तहसीलदार प्रमोद उईके से मोबाइल फोन से जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो उन्होंने इस संबंध में कोई भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। बहरहाल अब देखना यह है कि प्रशासन इस लापरवाही को लेकर क्या कार्रवाई करता है और जिन पक्षकारों के दस्तावेजों को नुकसान पहुंचा है, उनके प्रकरणों में आगे की प्रक्रिया किस तरह पूरी की जाएगी।

डबरा इमलिया में देखी 25 एकड़ जमीन

रायसेन कृषि उपज मंडी शहर से बाहर होगी शिफ्ट, नया रोड बनाया जाएगा



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

रायसेन शहर की कृषि उपज मंडी को शहर से बाहर शिफ्ट करने की कवायद तेज हो गई है। हर साल धान खरीदी के सीजन में शहर में लगने वाले भीषण जाम से निजात दिलाने के लिए प्रशासन ने नई मंडी के लिए जमीन फाइनल करना शुरू कर दिया है। बुधवार को मंडी बोर्ड भोपाल की सचिव कविता झारिया अपनी टीम के साथ रायसेन पहुंचीं। उन्होंने डबरा इमलिया के पास प्रस्तावित 25 एकड़ शासकीय जमीन का निरीक्षण किया। इस दौरान जमीन की नपाई, पहुंच मार्ग, पानी और बिजली की उपलब्धता सहित अन्य तकनीकी पहलुओं का जायजा लिया गया।

आधुनिक बनेगी नई मंडी- निरीक्षण के दौरान सांची विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि वर्तमान मंडी शहर के बीच में होने से किसानों और शहरवासियों दोनों को परेशानी होती है। नई मंडी बनने से यह समस्या हमेशा के लिए खत्म हो जाएगी। विधायक ने आगे बताया कि डबरा इमलिया तक किसानों की सुविधा के लिए 50 करोड़ रुपये की लागत से नया फोरलेन रोड बनाया जाएगा। इसका प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। नई मंडी को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा। यहां किसानों के लिए विश्राम गृह, बड़े गोदाम, शीत गृह, वाहन पार्किंग, कैंटीन और व्यापारियों के लिए ऑफिस कॉम्प्लेक्स बनाया जाएगा।

क्यों जरूरी है मंडी की शिफ्टिंग

एसडीएम मनीष शर्मा तहसीलदार भरत सिंह मंडले ने बताया कि वर्तमान में कृषि उपज मंडी सागर-भोपाल रोड पर शहर के बीचोंबीच स्थित है। धान खरीदी के समय रोजाना सैकड़ों ट्रैक्टर-ट्रॉली और ट्रक मंडी में आते हैं। इससे सागर-भोपाल हाइवे पर अक्सर 2 से 3 किलोमीटर लंबा जाम लग जाता है। शहरवासियों, स्कूली बच्चों और मरीजों को घंटों जाम में फंसना पड़ता है। अनाज व्यापारी भी लंबे समय से अनाज मंडी को शहर से बाहर शिफ्ट करने की मांग कर रहे थे। व्यापारियों मिथलेश सोनी मनोज सोनी मनोज राठौर केशराम साहू इरफान खान कन्हैया सोनी का कहना है कि पुरानी मंडी में जगह कम होने से दिक्कत आती है। नीलामी में भी परेशानी होती है।

जल्द शुरू होगी टेंडर प्रक्रिया

मंडी बोर्ड सचिव कविता झारिया ने बताया कि जमीन का प्रारंभिक निरीक्षण कर लिया गया है। जल्द ही इसकी रिपोर्ट तैयार कर शासन को भेजी जाएगी। स्वीकृति मिलते ही नई मंडी के निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

चुनाव आयोग को लेकर फिजूल भ्रम फैला रहे जनता से राहुल गांधी मांगें माफीः शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने चुनाव आयोग को लेकर कांग्रेस और पार्टी के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आरोपों पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि राजनीतिक असहमति लोकतंत्र का हिस्सा है। लेकिन संवैधानिक संस्थाओं की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते समय तथ्यों का ध्यान रखा जाना चाहिए। बीजेपी अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि कैबिनेट सेक्रेटरी को भेजे गए पत्र को लेकर विपक्ष द्वारा बेवजह झूठा भ्रम फैलाया गया। उनके अनुसार, चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि पत्र एसआईआर या किसी नीतिगत विषय से संबंधित नहीं था।बल्कि प्रतिनियुक्ति पर आए अधिकारी की प्रशासनिक कार्यप्रणाली से जुड़ा आंतरिक मामला था। उन्होंने आगे कहा कि हर पात्र नागरिक का मताधिकार सुनिश्चित करना निर्वाचन आयोग की जिम्मेदारी है। एसआईआर को लेकर सुप्रीम कोर्ट दिल्ली के आदेश और आयोग के स्पष्टीकरण के बाद कांग्रेस को अपने आरोपों पर आत्ममंथन करना चाहिए। विपक्ष को सरकार से सवाल पूछने का पूरा अधिकार है। संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा बनाए रखना भी उसकी भी जिम्मेदारी है।



वर्धा आगंनबाड़ी केंद्र पर बच्चों को कृमिनाशक दवा पिलाई गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

पोषण माह के तहत परियोजना सिलवानी के आंगनवाड़ी केंद्र ग्राम वर्धा में बुधवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। परियोजना अधिकारी के निर्देशानुसार आयोजित कार्यक्रम में सेक्टर पर्यवेक्षक सुरक्षा विश्वकर्मा के मार्ग दर्शन में केंद्र पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। जिसमें केन्द्र के सभी हितग्राही बच्चे, गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं की उपस्थिति रही। यहां पर सामूहिक रूप से सहजन तथा आम का पौधारोपण किया गया। इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि हरिओम कौरव द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता महिमा कौरव और सहायिका बिस्सो बाई को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में शिक्षक मानसिंह गुर्जर, प्रतिभा रघुवंशी राममोहन रघुवंशी, कृष्ण कुमार कौरव, महेंद्र कौरव, राजेश कौरव शुभम रघुवंशी सहित अन्य ग्रामीणों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में पोषण प्रदर्शनी को सजाते हुए, माताओं को पौष्टिक और पोषण युक्त आहार बनाने और स्वच्छता से संबंधित कई मुद्दों पर समझाइश दी गई। बच्चों को क्रमिनाशक दवा पिलाई गई, तथा शाला पूर्व शिक्षा की गतिविधियां आयोजित कराई गई।

श्रीमद भागवत कथा का आयोजन

ध्रुव चरित्र से कृष्ण जन्म तक भक्ति में डूबा मंगल भवन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

नगर के मंगल भवन में चल रही साप्ताहिक संगीतमय श्रीमद भागवत कथा के चौथे दिन बुधवार को भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा व्यास पंडित बलराम दीक्षित ने ध्रुव चरित्र से लेकर श्रीकृष्ण जन्म तक के प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया। कृष्ण जन्मोत्सव के दौरान पूरा मंगल भवन नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंज उठा। कथा व्यास ने राजा उत्तानपाद की पत्नियों सुनीति और सुरुचि के प्रसंग से ध्रुव चरित्र की शुरुआत की। उन्होंने बताया कि सुनीति का अर्थ अच्छी नीति और सुरुचि का अर्थ अपनी रुचि के अनुरूप चलना है। जीवन में अच्छी नीति के साथ किया गया कर्म ही वास्तविक आनंद देता है। ध्रुव ने दृढ़ संकल्प और कठोर तप के बल पर भगवान को प्राप्त किया। इसके बाद ध्रुव के वंश में हुए राजा वेन और पृथु का प्रसंग सुनाया। पंडित दीक्षित ने बताया कि राजा वेन ने धार्मिक कार्यों पर रोक लगा दी थी। इससे प्रजा संकट में पड़ गई और पृथ्वी ने अन्न उत्पादन बंद कर दिया। ऋषि.मुनियों ने वेन को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं माना। इसके बाद उसके शरीर के मंथन से निषाद और फिर भगवान पृथु का प्राकट्य हुआ।पृथ्वी के गाय के रूप में पृथु की शरण में आने का प्रसंग सुनाते हुए कथावाचक ने गोसेवा का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि गाय हमारी माता है। दोहन करते समय उसके दो थन बछड़े के लिए छोड़ने चाहिए ताकि वह भूखा न रहे।

श्री अग्रसेन जयंती, 11 को निकालेंगे चल समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

अग्रवाल समाज सेवा समिति रायसेन द्वारा श्री श्री 1008 श्री अग्रसेन जी महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में विशाल चल समारोह और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए समाज ने तैयारियां तेज कर दी हैं। सभी अग्र बंधुओं को सपरिवार आमंत्रित किया गया है। डॉ अवधेश चंद्र अग्रवाल के निवास पर अग्रवाल समाज की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित कर धार्मिक आयोजन और सांस्कृतिक गतिविधियों की रणनीति बनाई गई। मुख्य आयोजन 11 अक्टूबर रविवार को होगा। अग्रसेन महाराज जयंती पर विशाल चल समारोह दोपहर 3 बजे डॉ. ए.सी. अग्रवाल के निवास से प्रारंभ होकर। जो कि बड़ा मंदिर तिपट्टा बाजार पहुंचेगा। चल समारोह के बाद बड़ा मंदिर तिपट्टा बाजार में श्री अग्रसेन जी महाराज की पूजा-अर्चना, आरती, प्रसादी वितरण एवं पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम होगा। चल समारोह के लिए ड्रेस कोड भी तय किया गया है। सभी अग्र बंधुओं को सफेद कलर के कुर्ता पजामा और महिलाओं को रानीपिंक कलर की साड़ी पहनकर आने की अपील की गई है। अग्रसेन महाराज जयंती समारोह के तहत दो दिन तक सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। **8 अक्टूबर,** फैंसी ड्रेस (6-10 वर्ष) एक्टिंग, मय डायलॉग, 2. एक मिनट गेम (10 वर्ष से अधिक), 3. एक मिनट गेम (महिलाओं के लिए), 4. एक मिनट गेम (6-10 वर्ष) **9 अक्टूबर,** फैंसी ड्रेस (महिलाओं के लिए) एक्टिंग मय डायलॉग, 2. एक मिनट गेम (3-5 वर्ष बच्चे), 3. एक मिनट गेम (6-10 वर्ष बच्चे), 4. एक मिनट गेम (10 वर्ष से अधिक बच्चे), 5. महिलाओं के लिए ब्रेड से कोई आइटम घर से बनाकर लाना है। आइटम की घोषणा एक दिन पहले मंदिर में की जाएगी।

